लघु उद्योगों और ग्रामीण उद्योगों को रियायतें

755. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा ।

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश के ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लघु और ग्रामीण उद्योग स्थापित करने को प्रोत्साहन देने के लिए पिछले महीने कुछ नई रियायतों की घोषणा की है ;

(ख) क्या सरकार ने कुछ ऐसी ठोस और व्यावहारिक व्यवस्था की है जिससे इन रियायतों का लाभ संबंधित उद्योगपतियों को मिल सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो, तो उसका ब्यौरा क्या है और ये उद्योग अब तक कहां-कहां स्थापित किए गए हैं, और

(घ) इस वर्ष के अन्त तक और किन-किन स्थानों पर ऐसे उद्योगों की स्थापना कर दिये जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) (क) से (घ) देश के ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लघु और ग्रामोद्योग लगाने को बढ़ावा देने के लिए पिछले महीने सरकार ने किन्हीं नई रियायतों की घोषणा नहीं की है । किन्तु लघु, अत्यन्त छोटे और ग्राम्य उद्यमों को बढ़ावा देने और इन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने 6 अगस्त, 1991 को संसद में रखे गए नीति उपायों में कई रियायतें और सुविधायें देने का संकेत किया है ।

Regional office of Doordarshan at Guwahati

756. SMT. BIJOYA CHAKRAVARTY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state

(a) Whether it is a fact that Government have decided to set up at Guwahati a Regional Office for the North Eastern Region of the country for appointment of Doordarshan personnel to various Centre of the area and monitoring the affairs of Doordarshan; and

(b) if so, by when the office is going to be set up?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) There is no approved scheme, at present, to set up a Regional Office at Guwahati.

(b) Does not arise.

Construction of another TV Tower at Dibrugarh

757. DR. NAGEN SAIKIA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that due to the fault in planning. the transmission tower of Dibrugarh Doordarshan Centre had to be made short;

(b) whether Government would construct another tower at a suitable place near to it to cover bigger area;

(c) if not. what area will be covered by the present transmission tower and by when it is likely to be commissioned; and

(d) whether this centre would have its own programme, if so, for what duration?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) No, Sir. The tower height of the 10KW TV transmitter functioning at Dibrugarh has been restricted to 75 M because the Standing Advisory Committee on Radio Frequency Allocations cleared construction of only that much height.

(b) No, Sir. It is, however, envisaged to set up a VLPT at Digboi in Dibrugarh district for improvement of TV coverage.

(c) The high power (10KW) TV transmitter at Dibrugarh has been functioning since February, 1988 and covers an area of about 12,560 sq. kms.

(d) A programme Production Centre is under implementation at Dibrugarh.

दूरदर्शन और दूरदर्शन ट्रांसमीटरों के लिए राजस्थान को संस्वीकृत धनराशि

758. **डा. अबरार अहमद** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के ऐसे कौन-कौन से तहसील मुख्यालय हैं जहां दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पहुंच पाते हैं तथा कब तक वहां के लोग दूरदर्शन कार्यक्रम देख सकेंगे; और

(ख) राजस्थान में दूरदर्शन और दूरदर्शन ट्रांसमीटरों की स्थापना करने के व्यय की पूरा करने के लिए कितने धन की संस्वीकृति दी गई थी और इस संबंध में अब तक जिले-वार कितनी धनराशि खर्च की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :

(क) इस समय राजस्थान की करीब 52.1 प्रतिशत जनसंख्या को टी०वी० सेवा प्राप्त होती है और आशा है कि राज्य में लगाये जा रहे ट्रांसमीटरों के चालू हो जाने पर 67 प्रतिशत जनसंख्या को यह सेवा प्राप्त होने लगेगी। कवरेज के इन आंकड़ों में, किनारे के उन क्षेत्रों की जनसंख्या भी शामिल है जहां संतोषजनक संग्रहण के लिए एन्टीना और बूस्टर लगाने की आवश्यकता होती है। यद्यपि राज्य के सभी जिला मुख्यालय टी०वी० सेवा से कवर होते हैं, किन्तु राजस्थान के तहसील मुख्यालयों की टी०वी कवरेज का पता लगाने के लिए दूरदर्शन द्वारा कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

(ख) छठी योजना की शुरूआत से राजस्थान राज्य में टी०वी० ट्रांसमीटर लगाने के लिए अनुमोदित लागत प्राक्कलनों और खर्च की गई राशि का जिलावार ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

[विवरण]

क्र०सं०	जिला	टी०वी० ट्रांसमीटरों (मौजूदा कार्यान्वयनाधीन) की अनुमोदित लागत (लाख रुपये)	अब तक (अक्तूबर, 9 तक) खर्च की गई धनराशि (लाख रुपये)
1	2	3	4
1.	गंगानगर	130.48	119.56
2.	जैसलमेर	358.60	488.83
3.	बाड़मेर	471.60	355.60
4.	बीकानेर	24.00	19.29
5.	चूरू	74.97	117.63
6.	झुनझुनू	73.23	82.37
7.	अलवर	24.00	21.19
8.	भरतपुर	37.65	31.80
9.	सवाई माधोपुर	30.43	55.29
10.	जयपुर	61.70	36.20